<u>पत्र सूचना शाखा</u>

<u>सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0</u>

<u>प्रो0 मिश्रा निदेशक पी0जी0आई0 का दायित्व निवर्हन करेंगे</u>

लखनऊ: 26 सितम्बर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल एवं संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुविज्ञान संस्थान, लखनऊ के कुलाध्यक्ष, श्री राम नाईक ने सस्थान के वरिष्ठ आचार्य प्रो0 यू0के0 मिश्रा, न्यूरोलॉजी विभाग को संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ को कार्य भार ग्रहण करने की तिथि से तीन माह या नियमित निदेशक की नियुक्ति होने तक (जो भी पहले हो) निदेशक के पद के दायित्वों के निवर्हन हेतु नियुक्त किया है।

ज्ञातव्य है कि संजय गांधी स्नातकोत्तर के निदेशक, प्रो0 आर0के0 शर्मा का कार्यकाल दिनांक 28 सितम्बर, 2014 को समाप्त हो रहा है। नये निदेशक के चयन की प्रक्रिया जारी है।

इस आशय की जानकारी राज्यपाल की प्रमुख सचिव, सुश्री जूथिका पाटणकर ने दी है।

अंजुम/रा0/राजभवन